अमर उजाला

विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं

बरेली | मंगलवार, 24 अक्तूबर 2023

PAGE NO : 04 TOP

25 अक्तूबर से रिद्धिमा में शुरू होगा थिएटर फेस्टिवल

थिएटर फेस्टिवल की जानकारी देते चेयरमैन देवमूर्ति। अमर उजाला

बरेली। हजियापुर स्थित श्री राम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा में 25 अक्तूबर से थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष की शुरुआत होगी। ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने सोमवार को बताया कि यह थिएटर फेस्टिवल रंगकर्मी जेसी पालीवाल को समर्पित होगा। इसका उद्घाटन शाम पांच बजे मशहूर शायर प्रो. वसीम बरेलवी करेंगे।

इसके बाद अश्वनी कुमार लिखित व शैलेंद्र शर्मा निर्देशित नाटक 'मैं अधर्मी क्यों... रावण' का मंचन किया जाएगा। समापन 31 अक्तूबर को पंख थिएटर ग्रुप के नाटक 'अनकही अनजली' से किया जाएगा। इसके लेखक और निर्देशक, अभिनेता मुकुल नाग हैं। सभी नाटकों की अवधि सवा घंटे होगी। पहले दिन को छोड़कर सभी नाटकों का मंचन प्रतिदिन दो बार किया जाएगा। पहला शो शाम चार बजे और दूसरा शो शाम साढ़े छह बजे से शुरू होगा। इस दौरान प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ. अनुज कुमार मौजूद रहे। संवाद